आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
शुक्रवार 14.2.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आज हल्द्वानी में ''38वें राष्ट्रीय खेल'' के समापन समारोह को संबोधित करेंगे।
- राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखण्ड ने पदकों का शतक लगाकर इतिहास रचा। खिलाड़ियों के बेहतर प्रदर्शन पर मुख्यमंत्री ने कहा– 'उत्तराखण्ड अब सिर्फ देवभूमि ही नहीं, बल्कि खेल भूमि के रूप में भी स्थापित होगा।
- कृषि मंत्री गणेश जोशी ने किसानों की आय दोगुनी करने और उनकी आजीविका संवर्धन के लिए राज्य सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई।
- **और,** ऋषिकेश में 1 से 7 मार्च तक अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा।

राष्ट्रीय खेल–01

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह आज हल्द्वानी में ''38वें राष्ट्रीय खेल'' के समापन समारोह को संबोधित करेंगे। हल्द्वानी के अंर्तराष्ट्रीय स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स में आयोजित होने वाले समापन समारोह को भव्य व विराट बनाने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गयी हैं। कार्यक्रम स्थल पर सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गये हैं। गौरतलब है कि 28 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देहरादून के महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कॉलेज में राष्ट्रीय खेलों का शुभारंभ किया था। आज के समापन समारोह में केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया, उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, मेघालय के मुख्यमंत्री कोंगकल संगमा, केंद्रीय सड़क एवं परिवहन राज्य मंत्री अजय टम्टा और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष व सांसद डॉ. पीटी ऊषा इस मौके पर विशेष रूप से उपस्थित रहेंगी।

राष्ट्रीय खेल

38वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखण्ड ने पदकों का शतक लगाकर इतिहास रच दिया है। इस बार राज्य के खिलाड़ियों ने अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के चलते 24 स्वर्ण, 35 रजत और 43 कांस्य सहित कुल 102 पदक जीतें हैं। इससे पहले गोवा में आयोजित 37वें राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखण्ड ने सिर्फ 24 पदक जीते थे और पदक तालिका में वह 25वें स्थान पर रहा था। इस बार पदकों की संख्या और पदक तालिका में उत्तराखण्ड की स्थिति दोनों में ही जबरदस्त उछाल आया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन ने उत्तराखण्ड का मान बढ़ाया है और निश्चित तौर पर यह उत्तराखण्ड के खेलभूमि बनने की तरफ ऊंची छलांग है। श्री धामी ने कहा कि 'उत्तराखण्ड अब सिर्फ देवभूमि ही नहीं, बल्कि खेल भूमि के रूप में भी स्थापित होगा। खिलाड़ियों के व्यक्तित्व का विकास होगा और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर बेहतरीन अवसर मिलेंगे।

खेल मंत्री रेखा आर्या प्रदेश के खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन से उत्साहित हैं। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों ने ''संकल्प से शिखर'' स्लोगन को आत्मसात किया है। पदक तालिका में उत्तराखण्ड से सिर्फ सर्विसेज, महाराष्ट्र, हरियाणा ही आगे हैं। इस लिहाज से उत्तराखण्ड का चौथा नंबर है, लेकिन स्वर्ण पदकों की कुल संख्या से होने वाले आकलन के चलते उसका सातवां नंबर बना है।

शपथ

उत्तराखंड उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जी. नरेंद्र आज नैनीताल हाई कोर्ट में नवनियुक्त न्यायाधीश आलोक मेहरा को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाएंगे। उनके शपथ ग्रहण समारोह के लिए सभी आवश्यक तैयारियां कर ली गई हैं। हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार जनरल की ओर से जारी अधिसूचना में बताया गया है कि शपथ ग्रहण समारोह सुबह सवा दस बजे होगा।

कृषि मंत्री

कृषि मंत्री गणेश जोशी ने कहा है कि किसानों की आय दोगुनी करने और उनकी आजीविका संवर्धन के लिए राज्य सरकार लगातार कार्य कर रही है। किसानों की आजीविका बढ़ाने के लिए हरिद्वार और उधमसिंह नगर में अमृत सरोवर योजना के तहत बन रहे सरोवरों में मखाना की खेती को तथा सिंघाड़ा के उत्पादन को बढ़ाने के लिए आगामी बजट में व्यवस्था की गई और राज्य में फ्लोरीकल्चर को बढ़ावा दिया जा रहा है। देहरादून में पत्रकारों को संबोधित करते हुए कृषि मंत्री ने कहा कि सेब के वर्तमान व्यवसाय को 200 करोड़ रुपये से बढ़ाकर रूपये 2 हजार करोड़ किये जाने के लक्ष्य से योजना स्वीकृत करायी गयी, जिसमें किसानों को 60 प्रतिशत राजसहायता प्रदान की जा रही है। उन्होंने कहा कि इस योजना के अर्न्तगत लगभग 45 हजार से 50 हजार रोजगार सृजन होंगे। श्री जोशी ने कहा कि प्रदेश में उद्यान विकास योजना के तहत 50 हजार से अधिक पॉलीहाउस लगाने की योजना है, इसके लिए 300 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।

योग महोत्सव

ऋषिकेश में 1 से 7 मार्च तक अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। योग महोत्सव की तैयारियों की समीक्षा करते हुए पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज ने संबंधित अधिकारियों को सभी सुविधाएं जुटाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने महोत्सव में आम लोगों की अधिक से अधिक भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। श्री महाराज ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय योग महोत्सव के आयोजन में योग, ध्यान, स्वास्थ्य और फिटनेस से जुड़े कार्यक्रमों को शामिल करने पर जोर दिया।

खाद्य पदार्थों की जांच

38वें राष्ट्रीय खेलों के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने आयोजन स्थलों के आसपास के बाजारों में खाद्य पदार्थों की जांच की। इस दौरान बाजारों से 2 सौ 50 लीटर इस्तेमाल किया हुआ कुकिंग ऑयल जब्त कर आईआईपी भेजा गया। खाद्य सुरक्षा विभाग के उपायुक्त जीसी कंडवाल ने बताया कि राष्ट्रीय खेलों के दौरान तीन मोबाइल खाद्य विश्लेषण प्रयोगशालाओं के जरिए खाद्य पदार्थों की जांच की गई। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को बेहतर खाद्य सामाग्री उपलब्ध कराने के उद्देश्य से खेल परिसर के आस–पास की दुकानों में जांच अभियान चलाया गया है।

कार्यालय

सूचना एवं लोक संपर्क विभाग, उत्तराखण्ड सरकार के तत्वावधान में 'कार्यालय प्रबंधन एवं प्रक्रियाएँ' विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन देहरादून में किया गया। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम नव नियुक्त सूचना अधिकारियों और जिला सूचना अधिकारियों के लिए आयोजित किया गया, जिसका उद्देश्य प्रशासनिक दक्षता और कार्यालय संचालन प्रक्रिया को प्रभावी रूप से सुदृढ़ करना है। इस अवसर पर महानिदेशक बंशीधर तिवारी ने कहा कि नव नियुक्त सूचना अधिकारियों के लिए कार्यालय प्रबंधन और प्रशासनिक प्रक्रियाओं की संपूर्ण जानकारी अत्यंत आवश्यक है, जिससे वे शासन की नीतियों को प्रभावी रूप से क्रियान्वित कर सकें। प्रशिक्षण में भाग लेने वाले अधिकारियों ने इसे अत्यंत ज्ञानवर्धक और व्यावहारिक रूप से उपयोगी बताते हुए प्रशिक्षण से अर्जित ज्ञान को अपने कार्यक्षेत्र में लागू करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

**और अब एक नज़र आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर——**

संसद के दोनों सदनों में कल वक्फ संसोधन विधेयक रिपोर्ट पेश की गई। इस खबर पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र लिखता है – वक्फ विधेयक रिपोर्ट पर संसद में विपक्ष विफरा। अमर उजाला ने लिखा है– हंगामें के बीच वक्फ रिपोर्ट पेश। समाचार पत्र के अनुसार वक्फ संसोधन विधेयक पर संयुक्त संसदीय समिति ने संसद के बजट सत्र के पहले चरण में आखिरी दिन 6 सौ 55 पन्नों की रिपोर्ट दोनों सदनों में पेश की। विपक्ष ने रिपोर्ट को असंविधानिक बताते हुए जमकर हंगामा किया।

उत्तराखंड ने राष्ट्रीय खेलों में लगाया पदकों का शतक। इस शीर्षक के साथ हिंदुस्तान समाचार पत्र की ख़बर है– राष्ट्रीय खेलों में उत्तराखंड ने पहली बार पदकों का शतक लगाया है। साथ ही पदक तालिका में टॉप 10 में जगह बनाकर भी कीर्तिमान स्थापित किया है।

मणिपुर में राष्ट्रपति शासन शीर्षक के साथ राष्ट्रीय सहारा ने लिखा है– मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह के इस्तीफा देने के कुछ दिन बाद बृहस्पतिवार को हिंसा प्रभावित मणिपुर में राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया हैं। विधानसभा को भी निलंबित कर दिया गया है।

38वें राष्ट्रीय खेलों के समापन समारोह पर हिन्दुस्तान समाचार पत्र ने लिखा है – प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 28 जनवरी को देहरादून में खेलों की शुरूआत की थी। शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ कई गणमान्य समापन समारोह में हिस्सा लेंगे।